,;jykbu ,ykbM lfollsl fyfeVsM

fo"k; lwph

		i"B la[;k
1.	निदेशक मंडल	1
2.	अध्यक्ष का संदेश	2
3.	निदेशकों की रिपोर्ट	7
4.	प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट	18
5.	भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां	51
6.	स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	52
7.	31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार तुलन–पत्र	86
8.	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष का लाभ और हानि खाता	87
9.	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी में परिवर्तन की विवरणी	88
10.	नकदी प्रवाह विवरण	89
11.	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों के भाग के रुप में टिप्पणियां	90

fun’kd eMy dh lwph ¼26-09-2019½

श्री अश्वनी लोहानी v/;{k
श्री वी. हेजमाड़ी
श्री अंशुमाली रस्तोगी
श्री प्रांजोल चन्द्रा

eq[; dk;Zikyd vf/kdkjh

श्री सी.एस. सुब्बैया

eq[; foRrh; vf/kdkjh

श्री अम्बर कुमार मण्डल

dEiuh lfpo

श्रीमती मंजिरी एम. वझे

ys[kk ijh{kd

मैसर्स एम. वर्मा एण्ड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट
1209, हेमकुंत चैम्बर्स,
89 नेहरू प्लेस,
नई दिल्ली–110019

iathd`r dk;kZy;

एलाइंस भवन
अन्तरदेशीय, टर्मिनल–1
आई.जी.आई. एयरपोर्ट,
नई दिल्ली–110037.

v/;{k dk Hkk"k.k

fiz; 'ks;j gksYMjks]

मुझे आपके समस्त कम्पनी की वर्ष 2018–19 की 36वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अपार हर्ष हो रहा है।

एयरलाइन एलाइड सर्विसेस लि. देश की अग्रणी क्षेत्रीय एयरलाइन है, जो भारत में टायर II व III के शहरों व मूल कम्पनी एअर इंडिया लि. और इसकी सहायक कम्पनी एअर इंडिया एक्सप्रेस लि. के लिए फीडर के रूप में सम्पर्क उपलब्ध करवाती है। कम्पनी अपने विमान बेड़े में अधिक विमानों को शामिल करके पैन इंडिया आधार पर अपने प्रचालनों के विस्तार की प्रक्रिया में है। यह विमान देश के अन्दर छोटे मार्गों के लिए सेवाएं उपलब्ध करवाएंगे और भविष्य में विदेशों के लिए भी प्रचालन करेंगे।

voyksdu&ukxj foekuu m|ksx

भारत का नागर विमानन उद्योग पहले की अपेक्षा अब अधिक परिपक्व बाजार बन रहा प्रतीत होता है। उद्योग में प्रचालकों की संख्या अभी भी काफी अधिक है। चालू वर्ष में क्षेत्रीय हवाई अड्डों के आरंभ हो जाने से बड़ा परिवर्तन आया है जिससे देश भर में कनेक्टिविटी काफी बढ़ जाएगी इसके अलावा, नीतिगत परिवर्तनों के तहत घरेलू एयरलाइंस में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की अनुमति प्रदान करने से बाजार परिदृश्य में परिवर्तन आया है। यात्री यातायात में भी लगातार तेजी से वृद्धि हो रही है, क्योंकि उपभोक्ता रेल से हवाई यात्रा में विशेषतः टायर II और टायर III शहरों में अधिक स्थानांतरित हो रहे हैं।

gokbZ ;k=k esa o`f)

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी किए गए नवीनतम आंकड़ों से ज्ञात होता है कि घरेलू यात्री हवाई यातायात वर्ष 2017 में 117 मिलियन यात्रियों की तुलना में वर्ष 2018 में 18.60 प्रतिशत बढ़कर 139 मिलियन यात्री तक पहुंच गया।

हाल के वर्षों में यह साफ देखने में आया है कि यात्री कम बजट एयरलाइंस को प्राथमिकता दे रहे हैं अब स्थिति यह है कि कम लागत वाले वाहक आसमान में लगभग 70 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी के साथ हावी हैं।

Hkkjr rhljk lcls cM+k foekuu cktkj gksxk

इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) के अनुसार, देश वर्ष 2025 तक यूके से आगे बढ़कर, भारत तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार बनने के लिए तैयार है।

विदेशी निवेश के प्रवाह से पिछले सात वर्षों में उद्योग के विकास में गति आई है। औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 2000 से सितंबर 2017 के बीच हवाई परिवहन (एयर फ्रेट सहित) में एफडीआई प्रवाह 1.59 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा। मॉर्गन स्टेनली के अनुसार, देश में अगले दशक में एयरपोर्ट के क्षेत्र में 25 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश और 13% की यातायात वृद्धि होगी। इसके आंकलन के अनुसार देश में संयुक्त हवाई और रेल यात्रा में हवाई यात्रा का हिस्सा 2027 तक 7.9 प्रतिशत से बढ़कर 15.2 प्रतिशत हो जाएगा।

नागर विमानन क्षेत्र के लिए बड़े निवेश की योजना के मद्देनजर यह स्पष्ट है कि देश हवाई यात्रा के क्षेत्र में एक बड़े आकस्मिक परिवर्तन के लिए तैयार है। इसमें विस्तार के लिए बहुत संभावनाएं हैं क्योंकि हवाई परिवहन देश के अधिकांश

लोगों की पहुंच से परे है। रेल यात्रा लगातार और अधिक महंगी हो गई है। इसके विपरीत, हवाई यात्रा गति के साथ आराम भी प्रदान करती है। अतः इसमें कोई संदेह नहीं है कि नागर विमानन को गुणवत्ता, लागत और यात्री रुचि पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है, जो इसे 2025 तक तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार बनने में सक्षम बनाएगा।

ईंधन की कीमतें

एयरलाइनों की परिचालन लागत में ईंधन की कीमतें लगभग 30% से 40% होती है। 2018 में ईंधन की कीमतों में वर्ष में अधिकाशंतः वृद्धि हो रही है। यदि इनमें वृद्धि जारी रहती है तो यह मूल्य निर्धारण और उड़ान में सीट ऑक्यूपेंसी को भी प्रभावित करेगा। भारतीय उपभोक्ता मूल्य पर काफी ध्यान देते हैं और एयरलाइनों द्वारा देखा गया है कि कीमतों में बढ़ोतरी से मांग में तत्काल गिरावट आती है। इसके लिए, हालांकि, उद्योग को लागत में कटौती और ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए यात्री सेवा में सुधार करने के लिए परिचालन में बेहतर दक्षता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

संक्षेप में, भारतीय विमानन उद्योग एक बड़े आकस्मिक परिवर्तन के कगार पर है। उम्मीद की जा सकती है कि नीतिगत वातावरण इसके विकास के लिए अनुकूल रहे ताकि उद्योग आने वाले सालों में अपनी पूरी क्षमता को प्राप्त कर सके।

ubZ ukxj foekuu uhfr&{ks=h; lEidZ ;kstuk

भारत सरकार द्वारा नई क्षेत्रीय सम्पर्क योजना (उड़े देश का आम नागरिक) (उड़ान) प्रारंभ की गई है जो 10 वर्षों तक चलेगी और मौजूदा हवाईअड्डों और हवाईपट्टियों को पुर्नःजीवित करने का कार्य करेगी। इस योजना के तहत बोली के प्रथम राउंड में सरकार द्वारा लगभग 128 क्षेत्रीय रूट दिए गए हैं।

क्षेत्रीय कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस) के दूसरे, तीसरे और 3.1 दौर में, पहाड़ी और दूरदराज के इलाकों में उड़ान सेवाओं में वृद्धि के उद्देश्य से एयरलाइनों और हेलीकॉप्टर ऑपरेटरों को क्रमशः 325 मार्ग, 235 मार्ग और 44 मार्ग दिए गए हैं। इस योजना के तहत एयरलाइन ऑपरेटरों को आधी सीटें रियायती दरों पर देनी होंगी जिसमें सरकार द्वारा वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) या एयरलाइंस को सब्सिडी प्रदान की जाएगी।

आरसीएस की शुरूआत के साथ, एलाइंस एअर के लिए असेवित और अल्पसेवित एयरपोर्टों के लिए कई नए मार्ग खुल गए हैं और इसे बोली प्रक्रिया के क्रमशः 1, 2, 3 और 3.1 दौर में 17 मार्ग, 26 मार्ग, 40 मार्ग और 12 मार्ग आबंटित किए गए हैं। माननीय प्रधानमंत्री ने 27 अप्रैल, 2017 को शिमला–दिल्ली क्षेत्र की पहली 'यूडीएएन' उड़ान का शुभारंभ किया और एलाइंस एअर को लॉन्च वाहक होने का विशेषाधिकार प्राप्त हुआ। एलाइंस एअर द्वारा 31 मार्च, 2019 तक 29 मार्गों पर सेवाएं प्रारंभ की गई हैं और बोली लगाने के पहले दौर में दिए गए सभी मार्गों पर संचालन शुरू करने वाली पहली एयरलाइन बन गई है। भारत सरकार के सहयोग से फिक्की द्वारा आयोजित विंग्स इंडिया 2018 के तहत, एलाइंस एअर को 'आरसीएस के तहत सर्वश्रेष्ठ एयरलाइंस और हेलीकॉप्टर' का विजेता घोषित किया गया है।

चूंकि असेवित व अल्पसेवित मार्गों पर प्रचालन हेतु सरकार द्वारा प्रोत्साहन दिया जा रहा है, इससे टायर II/III के शहरों को जोड़ने वाले क्षेत्रीय मार्गों पर प्रचालन में वृद्धि होगी। अपने युवा एटीआर विमान बेड़े में एलाइंस एअर क्षेत्रीय बाजार में महत्वपूर्ण स्थान ले सकती है। अतः कम्पनी की आरसीएस बिडिंग के अगले चरण में भी तत्परता से भाग लेने की योजना है।

o"kZ dk nkjku dEiuh dk fu"iknu

वर्ष के दौरान कम्पनी को वित्तीय वर्ष 2018–19 (2,709.25 मिलियन रु.) में 2965.67 मिलियन रु. की निवल हानि हुई। यद्यपि कुल राजस्व में 2,227.84 मिलियन रु. की वृद्धि हुई, व्यय में 2,484.25 मिलियन रु. की वृद्धि के कारण, हानि में 256.41 मिलियन रु. की वृद्धि हुई। हानि के कारण निम्नानुसार हैं :–

- विदेशी पायलटों की संख्या में वृद्धि विस्तार, योजनाओं हेतु सभी विभागों में अतिरिक्त मानव शक्ति की भर्ती के कारण वेतन और भत्तों में लगभग 24% की वृद्धि हुई है।
- प्रचालन में वृद्धि के कारण एटीएफ लागत में 810.33 मिलियन रु. की वृद्धि हुई जिसके परिणामस्वरूप मात्रा में वृद्धि और औसत एटीएफ दर में 25% की वृद्धि हुई।
- वर्ष 2017–18 में 6 विमानों को शामिल करने के कारण और वर्ष 2018–19 में 04 नए विमानों को शामिल किए जाने के कारण (1804.15 मिलियन रु. से 2122.50 मिलियन रु.)लीज़ प्रभार में 318.35 मिलियन रु. की पूर्ण वर्ष में वृद्धि हुई।
- एओजी, एचएसआई, जीएमएसए और प्रयुक्त सामग्री की लागत में वृद्धि के कारण अनुरक्षण प्रभार में 451.36 मिलियन रु.(2,121.33 मिलियन रु. से 1,669.97 मिलियन रु.) की वृद्धि हुई।
- प्रस्थान में 37% और दर में 65 % की वृद्धि के कारण हैंडलिंग प्रभार में 171.03 मिलियन रु. की वृद्धि हुई।
- अन्य – लागत में वृद्धि का कारण है – 02 एटीआर–42 विमानों की खरीद 04 एटीआर – 72 विमानों को बेड़े में शामिल करना, एअर इंडिया को देय बकाया राशि पर ब्याज व मूल कंपनी के साथ एमएसए के माध्यम से विभिन्न लागत, जो मूल कम्पनी को देय है।

jktLo e of) dh e[; fo'k"krk, uhp nh xbl g %&

- यात्री वहन में 0.316 मिलियन रु. की वृद्धि के निवल प्रभाव के कारण यात्री राजस्व में 1,733.29 मिलियन रु. की वृद्धि हुई व प्रति यात्री यील्ड में 321 प्रति यात्री की वृद्धि हुई।
- एआईएल और एएएसएल के बीच हस्ताक्षर किए गए एमएसए के अनुसार 2018–19 में कोड शेयर राजस्व 239.90 मिलियन रु. रहा जो 01 अप्रैल, 2018 से प्रभावी था।
- चालू वर्ष में आरसीएस मार्गों में विस्तार के कारण आरसीएस, वीजीएफ और चार्टर राजस्व में 354.80 मिलियन (891.21 मिलियन से 1246.01 मिलियन रु.) की वृद्धि हुई।

Hkkoh ;ktuk,

सभी एयरलाइनों द्वारा क्षमता लगाए जाने व किरायों के किफायती होने के कारण भारत में विमानन बाजार में निरन्तर वृद्धि हो रही है। हालांकि बड़ी एयरलाइनों ने छोटे हवाई अड्डों में क्षमताएं तैनात करनी शुरू कर दी है तथापि टायर II व III के शहरों की वृद्धि अभी भी अप्रयुक्त है।

एलाइंस एअर द्वारा जनवरी, 2003 से एटीआर विमानों का प्रचालन किया जा रहा है। टायर II व III के शहरों हेतु प्रचालन करने के अपने दशक से भी अधिक अवधि के अनुभव का कम्पनी लाभ उठाना चाहती है। कम्पनी के विमान बेड़े में 2 एटीआर–42–320 व 18 एटीआर 72–600 विमान शामिल हैं। वर्तमान बेड़े को 55 स्टेशनों के नेटवर्क पर दैनिक 87 उड़ानों हेतु तैनात किया गया है। कम्पनी की अपने नेटवर्क का विस्तार पड़ोसी देशों तक करने की योजना है। साथ ही वर्ष 2021 तक विमान बेड़े में वृद्धि कर विमानों की संख्या 40 तक करने की योजना है। कम्पनी प्रतिकूल वित्तीय पैरामीटरों के ट्रेंड को उलट कर कम्पनी की वित्तीय स्थिति में भी सुधार करेगी। हमें आशा है कि वर्ष 2019–20 में राजस्व में वृद्धि, व्यय व हानिप्रद मार्गों में कटौती कर हमारा प्रदर्शन बेहतर होगा ।

/kU;okn iLrko

मैं, एअर इंडिया लि. और नागर विमानन मंत्रालय द्वारा दिए गए सम्पूर्ण सहयोग के लिए उनको धन्यवाद देता हूं। मैं, बैंक तथा नियामक एजेंसियों सहित सभी अन्य प्राधिकरणों द्वारा दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं तथा विश्वास दिलाता हूं कि हम प्रगति के पथ पर अपनी यात्रा जारी रखेंगे और एयरलाइन एलाइड सर्विसेस लि. को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। मैं बोर्ड के अपने सभी सहयोगियों को उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देता हूं।

मैं एयरलाइन एलाइड सर्विसेस लि. के सभी कर्मचारियों को एलाइंस एअर को यात्रियों की पहली पसंद बनाने में उनके योगदान व सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं।

बोर्ड की ओर से, सदैव की भांति, मैं आपके सहयोग की अपेक्षा करता हूं।

हस्ता./–
¼v'ouh ykgkuh½
v/;{k

fotu

एअर इंडिया के साथ सम्पूर्ण तालमेल में, टायर II व III के शहरों के बीच सम्पर्क उपलब्ध करवाने वाली प्रमुख क्षेत्रीय एयरलाइन व नेटवर्क पर फीडर एयरलाइन बनना।

Yk{; o mnn';

प्रमुख अंतरदेशीय एयरलाइन

xkgd

- सुरक्षित, विश्वसीय एवं समय पर सेवाएं प्रदान करना।
- ग्राहकों को सर्वोत्तम संतोषजनक सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रभावी कदम उठाना।
- एयरलाइन बाजार में नये यात्री बेस की संभावना खोजना।
- मुख्य अंतरदेशीय व अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों तक अबाध यात्रा हेतु मैट्रो शहरों व आगे वन–स्टॉप सम्पर्क उपलब्ध करवाना।

ifØ;k,a

- सुरक्षा एवं कुशलता के मानकों में निरंतर सुधार करना।
- नए एवं आधुनिक विमान बेड़े का प्रचालन व अनुरक्षण।
- एअर इंडिया के मुख्य नेटवर्क के साथ संयोजन में सर्वोत्तम एवं संवर्धित कुशल नेटवर्क उपलब्ध करवाना।
- आर्थिक स्रोतों का सृजन।
- क्षेत्रीय शार्ट–हॉल एयरलाइन प्रचालक की छवि व प्रतिस्पर्धात्मक बाजार प्रतिष्ठा में वृद्धि

ekx&unVod

- सघन रेल यातायात से प्रतिस्पर्धा
- मेट्रो व आगे तीव्र क्षेत्रीय सम्पर्क की अपेक्षाओं को पूरा करना
- वायु सम्पर्क से अछूते शहरों में सम्पर्क उपलब्ध करवाना।

ykx

- अत्यधिक प्रेरित एवं व्यावसायिक टीम का निर्माण करना।
- पारदर्शिता एवं नैतिकता के उच्चतम स्तर को बनाए रखना।
- जिम्मेदार निगमित नागरिक बनना।

funs'kdksa dh fjikVZ

lnL;
,;jykbu ,ykbM lfoZlsl fyfeVsM

31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए एयरलाइन एलाइड सर्विसेस लि. के लेखा परीक्षित, लेखा विवरण सहित 36वीं वार्षिक रिपोर्ट आपके निदेशक सहर्ष प्रस्तुत करते हैं।

1- foŸkh; ,oa okLrfod fu"iknu

गत वर्ष की तुलना में समीक्षाधीन वर्ष के दौरान वित्तीय एवं वास्तविक निष्पादन इस प्रकार हैं :–

foŸkh; fu"iknu

¼#Ik, fefy;u esa½

	2018-19	2017-18
ipkyu jktLo		
निर्धारित राजस्व	6919.34	4947.71
गैर निर्धारित राजस्व	1246.01	891.21
	50.77	206.38
अन्य प्रचालन राजस्व	146.66	86.28
अन्य आय		
कुल राजस्व	8362.78	6131.57
dqy 0;;	11329.17	8844.92
अन्य व्यापक आय	0.72	4.09
वर्ष के दौरान कर पूर्व निवल लाभ/(हानि)	(2965.67)	(2709.25)
वर्ष के लिए कर पश्चात निवल लाभ (हानि)	(2965.67)	(2709.25)
'ks;j iwath	4022.5	4022.5

'ks;j iwath

ikf/kd`r 'ks;j iwath

31 मार्च, 2019 को कम्पनी की प्राधिकृत शेयर पूंजी 2000 करोड़ रु. थी जो 100/– रु. प्रति के 20 करोड़ इक्विटी शेयरों में विभाजित है।

tkjh] vfHknŸk vkj inŸk 'k;j iwth

31 मार्च, 2019 को कम्पनी की जारी, अभिदत्त और प्रदत्त शेयर पूंजी 402.25 करोड़ रु. थी जो 100/– रु. प्रति के 4 करोड़ दो लाख 25 हजार इक्विटी शेयरों में विभाजित है।

'k;j iwth e ifjorlu] ;fn dkbl gkA

वर्ष के दौरान कम्पनी की प्रदत्त शेयर पूंजी में कोई परिवर्तन नहीं किया गया।

0;olk; dh idfr e ifjorlu

वर्ष के दौरान कम्पनी के व्यवसाय की प्रकृति में कोई भी परिवर्तन नहीं आया है।

ykHkk'k

कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुच्छेद 123 के अनुसार कम्पनी की संचित हानि को देखते हुए किसी लाभांश पर विचार नहीं किया गया है।

nkok ugh fd, x, ykHkk'k dk bUoLVj ,tdk'ku vkj ikVD'ku QM e vrfjr djuk

कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुच्छेद 125 के प्रावधान कम्पनी पर लागू नहीं होते चूंकि पिछले वर्षों में अप्रदत्त/बिना दावे के कोई भी लाभांश नहीं दिया गया।

fj tol e LFkkukrfjr jkf'k

संचित हानि को देखते हुए, वर्ष के दौरान कम्पनी के बोर्ड द्वारा रिजर्व में, कोई भी राशि स्थानांतरित ना करने का निर्णय लिया गया।

ekuo llk/ku

वर्ष के अन्त में कम्पनी में कर्मचारी क्षमता, कॉन्ट्रैक्चूअल कर्मचारियों की संख्या 668 (602) थी, जिसमें मूल कम्पनी एअर इंडिया से प्रतिनियुक्ति पर आए 8 (12), एआईईएसएल से प्रतिनियुक्ति पर आए 21 (26) व एआईएटीएसएल से प्रतिनियुक्ति पर आए 02 (03) कर्मचारी शामिल नहीं हैं। कम्पनी के सभी कर्मचारी नियत अवधि संविदा के आधार पर कार्यरत हैं। 668 संविदात्मक कर्मचारियों में से 215 (32-19%) महिला कर्मचारी हैं। 31 मार्च, 2019 को कम्पनी में कैडर वार 184 पायलट, 158 केबिन कर्मी, और 326 अन्य वर्गों के कर्मचारी रहे। कम्पनी, एअर इंडिया की आवश्यकतानुसार केबिन कर्मियों व अन्य मानव संसाधन की पूर्ति करती रही है।

31 मार्च, 2019 को कम्पनी में एटीआर–42 व एटीआर–72 बेड़े के 64 विदेशी पायलट हैं। कम्पनी का प्रयास है कि विमान बेड़े के अनुपात में कमांडरों की न्यूनतम आवश्यक क्षमता को बनाए रखने के लिए विदेशी पायलटों की संख्या न्यूनतम रखी जाए।

vkj{k.k uhfr dk dk;kUo;u

वर्ष 1975 में जारी राष्ट्रपति के निर्देशों के अनुसार व वर्ष 1991 और 1996 में संशोधित निर्देशों के साथ आरक्षण नीति लागू की जा रही है।

vu|lfpr tkfr@v-t-tk-@v-fi-ox| & 31 ekp] 2019 dk deipkfj;ka dh l[;k

कर्मचारियों की कुल संख्या	अ.जा. के कर्मचारियों की कुल संख्या	अनुसूचित जाति के कर्मचारियों का प्रतिशत	अ.ज.जा कर्मचारियों की कुल संख्या	अ.ज.जा कर्मचारियों का प्रतिशत	अ.पि.वर्ग के कर्मचारियों की कुल संख्या	अ.पि.वर्ग के कर्मचारियों का प्रतिशत
668	69	10.33	20	2.99	120	17.96

jktHkk"kk dk;kUo;u& fgUnh dk i;kx

सरकार की राजभाषा नीति के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए कम्पनी ने सभी स्तरों पर हिन्दी के प्रगामी प्रयोग में बढ़ोतरी में अहम् भूमिका निभाई है। अधिकारियों/कर्मचारियों को हिन्दी में अधिकाधिक काम करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। राजभाषा के उत्तरोतर विकास हेतु प्रत्येक वर्ष हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों/कर्मचारियों ने विविध प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया व समारोह आयोजित कर विजेताओं व प्रतिभागियों को पुरस्कार और सम्मान वितरित किए गए।

jkt dk"k e v'knku

कम्पनी द्वारा सरकार के राजकोष में बिक्री कर तथा विमानन टर्बाइन ईंधन पर लगाए जाने वाले अन्य करों के रूप में 209.48 मिलियन रुपए (142.88 मिलियन रुपए) का अंशदान दिया गया।

lpuk d vf/kdkj vf/kfu;e 2005 dk vuikyu

कम्पनी, सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम होने के कारण नागरिकों को सूचना प्राप्त करने हेतु सूचना के अधिकारों के प्रावधानों का कम्पनी में अनुपालन, सफलतापूर्वक सुनिश्चित कर रही है।

आवेदनों और अपीलों के समय पर निपटान के लिए कम्पनी में सीपीआईओ (केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी) और अपीलीय प्राधिकारी हैं।

2018–19 की अवधि के दौरान, 65 अनुरोध/अपील प्राप्त हुए जिसमें से 58 का निपटान किया गया।

शेष 7 आरटीआई आवेदन उत्तर के लिए लंबित है और सूचना का मिलान किया जा रहा है।

lgk;d dEifu;k@l;Dr m|ek@lEc) dEifu;k l lcf/kr lpuk

कम्पनी की कोई सहायक कम्पनी, संयुक्त उद्यम या सम्बद्ध कम्पनी नहीं है।

egRoi.k ifjorlu o ifrc)rk,

धारा 134 (3)(1) के प्रावधानों के अनुसार 31 मार्च 2019 से बोर्ड की रिपोर्ट की तिथि के बीच कंपनी की वित्तीय स्थिति में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं हुआ है जिसने इसे प्रभावित किया हो।

icU/ku ppk vkj fo'y"k.k fjikVl

विस्तृत प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट का ब्यौरा अलग से दिया गया है।

fun'kd e.My dh cBdka dh la[;k

वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान, कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 173 के अनुसार निदेशक मण्डल की (स्थगित व पुनःस्थगित बैठकों सहित) 6 बैठकें निम्नलिखित तिथियों को आयोजित की गई।

Ø-la-	cBd dh frfFk	ckMZ LVsªFk	mifLFkr fun'kdka dh la[;k
1	15.05.2018	5	3
2	18.05.2018	5	4
3	12.09.2018	5	4
4	06.11.2018	5	4
5	30.01.2019	5	4
6	28.02.2019	5	3

fun'kdka dk nkf;Ro lca/kh oDrO;

कम्पनी के निदेशक मंडल पुष्टि करते हैं:–

(क) वार्षिक लेखों को तैयार करते समय लागू लेखांकन मानकों का अनुसरण किया गया है तथा सामग्री विचलन के संबंध में समुचित स्पष्टीकरण दिया गया है।

(ख) निदेशकों द्वारा इस प्रकार की लेखा नीतियों का चयन तथा उन्हें संगत रूप से लागू किया गया है एवं वित्तीय वर्ष के अंत में कम्पनी के कार्यों की स्थिति एवं इस तिथि को समाप्त अवधि के लिए कम्पनी के लाभ व हानि को सही व निष्पक्ष रूप से प्रस्तुत करने के उद्देश्य से निदेशकों के निर्णय एवं आकलन उचित एवं विवेकपूर्ण हैं।

(ग) कंपनी की परिसम्पत्तियों को सुरक्षित रखने व फ्रॉड की रोकथाम व पता लगाने एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने एवं पता लगाने के लिए कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसरण में पर्याप्त लेखांकन रिकार्ड बनाए रखने के लिए निदेशकों द्वारा उचित व पर्याप्त सावधानी बरती गई है।

(घ) निदेशकों द्वारा वार्षिक लेखे ''गोईंग कन्सर्न'' आधार पर तैयार किए हैं।

(ड.) कम्पनी के अनलिस्टिड होने के कारण धारा 134(3) का उपखण्ड (ड.) लागू नहीं

(च) सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निदेशकों द्वारा समुचित प्रणाली बनाई गई है तथा इस प्रकार की प्रणाली समुचित है तथा प्रभाव पूर्ण ढंग से कार्य कर रही है।

y[kk ijh{kk lfefr

लेखा परीक्षा समिति में 3 निदेशक हैं कम्पनी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की अनुपस्थिति में, सरकारी निदेशकों द्वारा लेखा परीक्षा समिति की अध्यक्षता की जाती है। वर्ष 2018–19 के दौरान लेखा परीक्षा समिति में निम्नलिखित सदस्य थे :

fun'kdk dk uke	lfefr esa in	funs'kd dh Js.kh
श्री अंशुमाली रस्तोगी	अध्यक्ष	सरकारी निदेशक
डॉ. शैफाली जुनेजा (31.8.2018 से सदस्य नहीं रहे)	सदस्य	सरकारी निदेशक
श्री प्रांजोल चन्द्रा (31.08.2018 को नियुक्ति)	सदस्य	सरकारी निदेशक
श्री विनोद एस. हेजमाड़ी	सदस्य	नामित निदेशक –एआई
श्री प्रदीप सिंह खरोला (14.02.2019 से सदस्य नहीं रहे)	स्थायी आमंत्रित	अध्यक्ष (एअर इंडिया से नामित)
श्री अश्वनी लोहानी (14.02.2019 को नियुक्ति)	स्थायी आमंत्रित	अध्यक्ष (एअर इंडिया से नामित)

ys[kk ijh{kd

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा esllZ ,e- oekZ ,.M ,lksfl,V~l को वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए कम्पनी का सांविधिक लेखा परीक्षक नियुक्त किया गया है।

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में उल्लेखित योग्यताएं या प्रतिकूल टिप्पणियां जिन पर प्रबंध वर्ग के उत्तर सहित स्पष्टीकरण/व्याख्या अपेक्षित है, की रिपोर्ट संलग्न हैं।

वित्तीय विवरणी पर नोट स्वतः स्पष्ट हैं, और इस पर और स्पष्टीकरण की आवश्यकता नहीं है।

Hkkjr ds fu;a=d ,oa egkys[kk ijh{kd dh fVIif.k;ka

31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए कम्पनी के लेखों पर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143 (6) (ख) के तहत अपेक्षित, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सी एवं एजी) की टिप्पणियां इस रिपोर्ट के साथ संलग्न हैं।

lfpoh; ys[kk ijh{kk fjiksVZ

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 204 के अनुसार बोर्ड ने श्री उपेन्द्र शुक्ला, प्रैक्टिसिंग कम्पनी सचिव, मुम्बई को वित्तीय वर्ष 2018–19 की सचिवीय लेखा परीक्षा हेतु सचिवीय लेखा परीक्षक नियुक्त किया है।

31 मार्च 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए सचिवीय लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट एवं प्रबंधन की टिप्पणियां इस रिपोर्ट के साथ संलग्न हैं:

lfpoh; ys[kk ijh{kk fjiksVZ ds fufgrkFkZ ij izca/k e.My ds mÙkj ij fVIif.k;ka

¼d½ Lora= funs'kd

(i) निम्नलिखित टिप्पणियों के आधार पर कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) एवं उसके अधीन बनाए गए नियमों के तहतः–

क) पब्लिक लिमिटेड कंपनी (एअर इंडिया लिमिटेड) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी होने के कारण,

कंपनी को स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की आवश्यकता नहीं है, अतः लेखा परीक्षा समिति का गठन स्वतंत्र निदेशकों के बिना किया जाता है। अतः अधिनियम की धारा 177 (2) के प्रावधानों के साथ पठित कम्पनी नियम 2014 के नियम 6 (बोर्ड की बैठकें और इसके अधिकार) जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ लेखा परीक्षा समिति के सदस्य के रूप में एक स्वतंत्र निदेशक की आवश्यकता होती है, का अनुपालन नहीं किया गया।

ख) धारा 178 के साथ पठित कम्पनी नियम (बोर्ड की बैठकें व शक्तियां) 2014 के नियम 6 के अनुसार, कम्पनी द्वारा पारिश्रमिक व नामांकन समिति का गठन नहीं किया गया है।

ग) अधिनियम की धारा 149 के अन्तर्गत अपेक्षित कंपनी में 1 सितंबर, 2018 से एक भी महिला निदेशक नहीं है।

ii) *<u>निगमित प्रशासन पर दिशानिर्देशों के अन्तर्गत टिप्पणियां निम्नानुसार हैं :</u>*

(क) *डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 3.1 के अनुसार कंपनी के निदेशक मंडल को गठित नहीं किया गया है, अर्थात् क्रियाशील, नामांकित और स्वतंत्र निदेशकों का कोई अनुकूल संयोजन नहीं है और नामित निदेशकों की संख्या दो की निर्धारित सीमा से .अधिक है।*

(ख) *डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 3.1.1.4 के अनुसार कंपनी में 1 अप्रैल, 2018 से 31 मार्च, 2019 की अवधि के दौरान कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं था।*

(ग) *चूंकि कंपनी में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं था, इसलिए लेखा परीक्षा समिति का गठन लेखा परीक्षा अवधि के दौरान डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 4.1.1 और 4.1.2 के अनुसार नहीं हुआ।*

(घ) *डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 5.1 के अनुसार आवश्यक पारिश्रमिक समिति का गठन कम्पनी द्वारा नहीं किया गया।*

ic/ku dh fVIif.k;k

यह कथन सही है।

एयरलाइन एलाइड सर्विसेस लिमिटेड, एअर इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कंपनी है और एक असूचीबद्ध सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी है। नागर विमानन मंत्रालय द्वारा जारी दिनांक 5 सितम्बर 2017 की अधिसूचना सं. 1/22/2013–सीएल–v के अनुसार एक असूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनी जो एक संयुक्त उद्यम भी है, पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी या एक शिथिल कंपनी को स्वतंत्र निदेशक नियुक्त करने की आवश्यकता नहीं होगी।

इसके अलावा, कंपनी के संगम अनुच्छेद के अनुसार एअर इंडिया लिमिटेड, अनुच्छेद 22 के प्रावधानों के अनुसार, भारत सरकार के साथ परामर्श कर एअर इंडिया लिमिटेड के कंपनी के निदेशक मंडल का गठन कर इसे नियंत्रित करेगा जैसा कि कंपनी अधिनियम में प्रयोग किया जाता है। हालांकि, एएएसएल के बोर्ड में कोई स्वतंत्र निदेशक नियुक्त नहीं थे, डॉ शैफाली जुनेजा के बोर्ड में सदस्य नहीं रहने के कारण, एएएसएल में 31 अगस्त 2018 से बोर्ड में कोई भी महिला निदेशक नियुक्त नहीं की गई और इस मामले को एअर इंडिया लिमिटेड द्वारा नागर विमानन मंत्रालय के साथ उठाया गया।

चूंकि 2018–19 के दौरान भारत सरकार द्वारा कोई भी स्वतंत्र/महिला निदेशक नियुक्त नहीं किए गए थे, इसलिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 (2), धारा 178 और धारा 149 और खंड 3.1, 3.1.14, 4.1.1, 4.1.2 और 5.1 के प्रावधान के तहत डीपीई के दिशानिर्देशों का अनुपालन नहीं किया जा सका।

(ख) बोर्ड / समिति बैठकें

(i) डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 3.3 के अनुसार, बोर्ड की प्रति तिमाही एक व वार्षिक कम से कम चार बैठकें आयोजित की जानी आवश्यक हैं। इसके अलावा, किन्ही भी दो बैठकों के बीच का समय अंतराल तीन महीने से अधिक नहीं होना चाहिए। यह देखा गया है कि कंपनी द्वारा तीन महीनों में बोर्ड की बैठक आयोजित नहीं की गई और 18.05.2018 और 12.09.2018 को आयोजित दो बोर्ड बैठकों के बीच अंतर तीन महीने से अधिक रहा।

(ii) इसके अलावा, डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 4.4 के अनुसार, ऑडिट कमेटी द्वारा वार्षिक चार बैठकें आयोजित करनी आवश्यक है और दो बैठकों के बीच चार महीने से अधिक का अंतराल नहीं होना चाहिए। साथ ही, बैठक के कोरम के लिए न्यूनतम दो स्वतंत्र निदेशकों की उपस्थिति होनी चाहिए। यह देखा गया है कि मार्च, 2018 से अक्तूबर, 2018 महीनों के दौरान लेखा परीक्षा समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं की गई। लेखा परीक्षा समिति की बैठकें स्वतंत्र निदेशकों की उपस्थिति के बिना आयोजित की जाती हैं।

izca/ku dh fVIif.k;k

यह कथन सही है।

वित्त वर्ष 2018–19 के दौरान, 6 बोर्ड बैठकें और लेखा परीक्षा समिति की 4 बैठकें आयोजित की गई। कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार, कंपनी को प्रति वर्ष निदेशक मंडल की कम से कम चार बैठकें आयोजित करनी आवश्यक है, बोर्ड की लगातार दो बैठकों के बीच एक सौ बीस दिनों से अधिक का समय अंतराल न हो। कंपनी को वर्ष के दौरान कम से कम लेखा परीक्षा समिति की 4 बैठकें आयोजित करना आवश्यक है। हम कंपनी अधिनियम का अनुपालन कर रहे हैं, तथापि, डीपीई दिशानिर्देशों के उपरोक्त प्रावधानों का भविष्य में अनुपालन करेंगे।

¼x½ frekgh foÙkh; ifj.kke

(i) डीपीई दिशानिर्देशों के अनुबंध IV में निर्धारित न्यूनतम जानकारी को आम तौर पर बोर्ड के समक्ष रखा जाता है, जो तिमाही वित्तीय परिणामों और विदेशी मुद्रा जोखिम और जोखिम को सीमित करने के लिए उठाए गए कदमों को छोड़कर दिशानिर्देशों के खंड 3.3 के तहत आवश्यक है।

izca/ku dh fVIif.k;k

बोर्ड को अपनी बैठकों में वित्तीय निष्पादन से अवगत कराया जाता है जो तिमाही आयोजित की जाती हैं, हालांकि कोई अलग एजेंडा आइटम नहीं रखा जाता है। भविष्य में इसके अनुपालन के लिए प्रबंधन आवश्यक कार्रवाई करेगा। विदेशी मुद्रा एक्सपोजर के संबंध में, इससे संबंधित सूचना कंपनी के निदेशकों की रिपोर्ट के अंतर्गत आती है, जिसे बोर्ड के सामने रखा जाता है।

_.k] xkjVh o fuos'k

कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुच्छेद 186 के अन्तर्गत कम्पनी ने वर्ष के दौरान कोई गारन्टी व निवेश नहीं किया है। अतः अनुच्छेद 186 के प्रावधान कम्पनी पर लागू नहीं हैं।

ÅTkk laj{k.k] rduhd lekos'ku rFkk fons'kh eqnk vk; o vkmVxks

(क) कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 134 (3) (ड) के प्रावधानों के तहत, ऊर्जा संरक्षण तथा तकनीक समावेशन से संबंधित आवश्यक विवरण, समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी की गतिविधियों की प्रकृति के मद्देनजर उपलब्ध नहीं करवाए गए।

¼[k½ fon'kh emnk vk; o vkmVxk

	fooj.k	pky o"k 18&19	गत वर्ष 17–18
		¼#- fefy;u e½	¼#- fefy;u e½
क)	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के दौरान आयात पर व्यय (सीआईएफ)		
	– विमान पूर्जे और औजार	128-73	117.94
	–पूंजीगत मदें–स्थल सहायता उपस्कर एयरफ्रेम रोटेबल एवं एरो इंजीनियरिंग रोटेबल	25-41	32.99
ख)	31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के दौरान खपत पर व्यय		
	– आयातित–पूर्जे और कंपोनेंट	33-00	120.92
	– स्वदेशी पूर्जे	dkb ugh	कोई नहीं
ग)	विदेशी मुद्रा में आय – इंटरलाइन राजस्व	dkb ugh	कोई नहीं
घ)	विदेशी मुद्रा में व्यय		
	– विमान लीज़ और अनुरक्षण प्रभार	3591-51	2593.59
	– भंडार और उपस्करों की खरीद	154-14	150.93
	– तकनीकी साहित्य	13-73	13.05
	– प्रशिक्षण और यात्रा	12-89	63.01
	– विधिक प्रभार	dkb ugh	0.057

tek

वर्ष के दौरान कोई जमा स्वीकार नहीं किया गया।

egRoi.k o oLrxr vkn'k

कम्पनी द्वारा भविष्य में किए जाने वाले प्रचालन व गोईंग कंसर्न पर प्रभाव डालने वाले कोई महत्वपूर्ण व वस्तुगत आदेश नियामकों या कोर्ट या ट्रिब्यूनल द्वारा जारी नहीं किए गए।

fuxfer lkekftd mRrjnkf;Ro ¼lh,lvkj½

निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व से संबंधित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 135 के प्रावधान, कम्पनी द्वारा वर्ष के दौरान लाभ अर्जित न किए जाने के कारण, कम्पनी पर लागू नहीं हैं।

dk;LFky ij efgykvksa ds ;kSu mRihM+u ¼jksdFkke] fu"ks/k vkSj fuokj.k½ vf/kfu;e 2013 dk vuqikyu

वर्ष 2018–19 के दौरान कम्पनी में रिपोर्ट किए गए यौन उत्पीड़न के मामलों का ब्यौरा निम्नलिखित है।

1) संबंधित वर्ष के दौरान यौन उत्पीड़न की 03 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। (निपटान कर दिया गया है।)

2) 90 दिनों से अधिक लम्बित मामलों की संख्या शून्य है।

3) यौन उत्पीड़न के संबंध में आयोजित कार्यशालाओं या जागरुकता कार्यक्रमों की संख्याः

   सामान्यतः सामान्य जागरुकता कार्यक्रम आवधिक रुप से आयोजित किए जाते हैं। इसके अलावा, कार्यस्थल पर ''क्या करें और क्या ना करें,'' यौन उत्पीड़न संबंधी पोस्टर सभी कार्यस्थलों पर डिस्पले किए गए।

4) कम्पनी द्वारा किए गए सुधारात्मक उपायः

   कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 की अपेक्षाओं के अनुसार शिकायतों के निपटान व संगठन में जागरूकता लाने हेतु आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) का गठन किया गया है।

fuxfer iz'kklu

कम्पनी द्वारा बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के अलवा निगमित प्रशासन की आवश्यकताओं का अनुपालन किया जा रहा है। इस मामले को एअर इंडिया/प्रशासनिक मंत्रालय के साथ उठाया जा रहा है।

निगमित प्रशासन रिपोर्ट, vuqyXud&d में संलग्न है।

lacaf/kr ikfVZ;ksa ds lkFk dkWUVsDV ;k 0;oLFkk dk fooj.k

वर्ष के दौरान किए गए सभी संबंधित पार्टी लेन–देन, आर्म लैंथ आधार पर व व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया के अनुसार थे। कम्पनी द्वारा प्रमोटरों, निदेशकों महत्वपूर्ण कार्मिकों या अन्य पद नामित व्यक्तियों के साथ कोई तात्विक रूप से महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी लेन–देन नहीं किया गया, जिसका कम्पनी के हित से कोई संभावित टकराव हो।

Tkksf[ke izca/ku

एएएसएल का राजस्व, मूल कम्पनी एअर इंडिया से जुड़ा हुआ है व मूल कम्पनी में कैपिंग मॉनीटरिंग नीति, बैंक गारंटी नीति, वेब पोर्टल के साथ संलग्न रिस्क इंजन के माध्यम से जोखिम मॉनिटरिंग स्थापित कर, एजेंटों/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किए जाने वाले विक्रय के लिए समुचित जोखिम प्रबंधन नीति उपलब्ध हैं। 100 प्रतिशत सहायक कम्पनी होने के चलते एएएसएल उच्च व्यवसाय जोखिम उन्मुख नहीं है।

कम्पनी के अस्तित्व पर जोखिम का खतरा न्यूनतम है। अतः कम्पनी की, जोखिम प्रावधान हेतु कोई नीति नहीं है।

okf"kZd fjVuZ dk lkj

कम्पनी नियम 2014 के नियम 12 (1) (प्रबंधन एवं प्रशासन) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुच्छेद 92(3) के प्रावधानों के तहत वार्षिक रिर्टन का सार फार्म एमजीटी 9 इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

Lor=rk dh ?kks"k.kk

एएएसएल एअर इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व की एक सहायक कंपनी है। कंपनी के आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के अनुच्छेद 22 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी के निदेशकों की संख्या तीन से कम और बारह से अधिक नहीं होगी, जिनमें से सभी एअर इंडिया लिमिटेड द्वारा नियुक्त किए जाएंगे, जो भारत सरकार के निर्देशों के तहत कार्य करेगी।

एअर इंडिया ने नागर विमानन मंत्रालय से एएएसएल के बोर्ड में कम से कम दो स्वतंत्र निदेशकों को नामित करने का अनुरोध किया है और नियुक्तियों की प्रतीक्षा है।

funs'kd ,oa izeq[k izca/kdh; dehZ ¼dsa,eih½

वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान कम्पनी के निदेशकों व महत्वपूर्ण प्रबंधकीय कार्मिकों में निम्नानुसार परिवर्तन हुए:–

Ø-la-	uke	Iknuke	fu;qfDr dh frfFk	lekiu dh frfFk	lekiu dk rjhdk
1.	श्री पंकज श्रीवास्तव	निदेशक, वाणिज्य, एआईएल	11 नवम्बर, 2013	30 अप्रैल, 2018	निदेशक नहीं रहे
2.	श्री सरबजोत सिंह ओबरॉय	क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, एआईएल	29 सितम्बर, 2017	1 मई 2018	निदेशक नहीं रहे
3.	श्री पंकज कुमार	क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, एआईएल	30 अगस्त, 2018		
4.	कप्तान ए. के. गोविल	कार्यपालक निदेशक, प्रचालन, एआईएल	3 मार्च, 2017	31 मई, 2018	निदेशक नहीं रहे
5	डॉ. शैफाली जुनेजा	संयुक्त सचिव, एमओसीए	18 दिसम्बर, 2017	31 अगस्त, 2018	निदेशक नहीं रहे
6	श्री प्रांजोल चन्द्रा	निदेशक, एमओसीए	31 अगस्त, 2018		
7.	श्री प्रदीप सिंह खरोला	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एआईएल	12 दिसम्बर, 2017	14 फरवरी, 2019	निदेशक नहीं रहे
8.	श्री अश्वनी लोहानी	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एआईएल	14 फरवरी, 2019		

fuEufyf[kr ekeyksa ij fuxfer dk;Z ea=ky; ds 5 twu 2015 dh vf/klwpuk ds vuqlkj nh xbZ NwV ds eqrkfcd lwpuk ugha nh x;h g%

i. बोर्ड, इसकी समितियों और व्यक्तियों का कार्य निष्पादन मूल्यांकन।

ii. निदेशकों के चयन, नियुक्ति और उनके पारिश्रमिक के लिए नीति।

iii. पारिश्रमिक नीति – कार्यपालक निदेशकों और गैर कार्यपालक निदेशकों को पारिश्रमिक।

/kU;okn iLrko

कंपनी की सेवाओं का उपयोग करने के लिए बोर्ड, भारत और विदेशों में कंपनी के मूल्यवान ग्राहकों की ईमानदारी से सराहना करता है और उनके निरंतर समर्थन और विश्वास की अपेक्षा करता है।

बोर्ड कंपनी के संचालन और विकास योजनाओं के लिए एअर इंडिया लिमिटेड, नागर विमानन मंत्रालय और भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों से प्राप्त समर्थन और मार्गदर्शन के लिए कृतज्ञता अभिव्यक्त करता है। बोर्ड डीजीसीए, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, निगमित कार्य मंत्रालय, सांविधिक लेखा परीक्षकों, सचिवीय लेखा परीक्षक, आंतरिक लेखा परीक्षकों, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, अन्य सरकारी विभागों, एयरलाइंस एवं एजेंट का भी आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करता है।

कृते व निदेशक मण्डल की ओर से

हस्ता./–
¼v'ouh yksgkuh½
अध्यक्ष

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 24 जुलाई 2019

i|c/ku ppk vkj fo'y"k.k fjikV

foÙkh; fu"iknu dk fo'y"k.k

jktLo

- वर्ष 2018–19 के दौरान अर्जित 6,131.57 मिलियन रु. के राजस्व की तुलना में, वर्ष के दौरान अर्जित कुल राजस्व 8,362.78 मिलियन रु. रहा।

0;;

- गत वर्ष व्यय किए गए 8,844.92 मिलियन रु. की तुलना में, वर्ष के दौरान 11,329.17 मिलियन रु. का कुल व्यय किया गया।

ekuo lalk/ku

deZpkfj;ksa dh la[;k

31 मार्च, 2019 को एएएसएल में नियत अवधि रोजगार समझौता आधार के तहत कर्मचारियों की संख्या 668 रही। इसके अतिरिक्त एअर इंडिया से प्रतिनियुक्ति पर 8 कर्मचारी और एआईईएसएल से 21 कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर हैं तथा 02 कर्मचारी एआईएटीएसएल से प्रतिनियुक्ति पर हैं।

foeku cM+s dh fLFkfr

31 मार्च, 2019 को, एएएसएल के विमान बेड़े में विमानों की स्थिति इस प्रकार रही :–

foeku	,e,l,u	VkbZi
वीटी–एबीए	390	एटीआर 42–320
वीटी–एबीबी	392	एटीआर 42–320
वीटी–एआईआई	1197	एटीआर– 72–212ए
वीटी–एआईटी	1226	एटीआर– 72–212ए
वीटी–एआईयू	1246	एटीआर– 72–212ए
वीटी–एआईवी	1252	एटीआर– 72–212ए
वीटी–एआईडब्ल्यू	1272	एटीआर– 72–212ए
वीटी–एआईएक्स	1268	एटीआर– 72–212ए
वीटी–एआईवाई	1273	एटीआर– 72–212ए
वीटी–एआईजैड	1279	एटीआर– 72–212ए
वीटी–आरकेसी	1381	एटीआर– 72–212ए
वीटी–आरकेडी	1383	एटीआर– 72–212ए
वीटी–आरकेई	1421	एटीआर– 72–212ए

वीटी–आरकेएफ	1423	एटीआर– 72–212ए
वीटी–आरकेजी	1427	एटीआर– 72–212ए
वीटी–आरकेएच	1434	एटीआर– 72–212ए
वीटी–आरकेजे	1439	एटीआर– 72–212ए
वीटी–आरकेके	1445	एटीआर– 72–212ए
वीटी–आरकेएल	1456	एटीआर– 72–212ए
वीटी–आरकेएएम	1463	एटीआर– 72–212ए

rduhdh fo'oluh;rk

वर्ष 2018–19 के दौरान विमानानुसार तकनीकी विश्वसनीयता इस प्रकार रही :

क) एटीआर 72–212ए (600) 99.18%
ख) एटीआर 42–320 98.83%

foeku mi;kfxrk

वर्ष 2018–19 के दौरान विमान उपयोग इस प्रकार रहा :

क) एटीआर 72–600 47757:13 बीएच
ख) एटीआर 42–320 4000:28 बीएच

foi.ku igy

31 मार्च, 2019 तक प्रचालित उड़ानों की कुल संख्या – 607 उड़ानें/साप्ताहिक
31 मार्च, 2019 तक एटीआर 72–600 द्वारा प्रचालित उड़ानों की कुल संख्या – 571 उड़ानें/साप्ताहिक
31 मार्च, 2019 तक एटीआर 42–320 द्वारा प्रचालित उड़ानों की कुल संख्या – 36 उड़ानें/साप्ताहिक
31 मार्च, 2019 तक स्टेशनों की कुल संख्या – 55

u, mMku@lEid

,Vhvkj 72 foeku

1. दिल्ली/भटिंडा/ दिल्ली– 4 उड़ानें– 09 जुलाई, 2018 से प्रभावी
2. बैंगलूरू/बेलगावी/ बैंगलूरू – साप्ताहिक 3 उड़ानें– 11 जुलाई, 2018 से प्रभावी
3. हैदराबाद/तिरूपति/हैदराबाद – साप्ताहिक 2 उड़ानें– 12 जुलाई, 2018 से प्रभावी
4. दिल्ली/लुधियाना/दिल्ली 5 उड़ानें– 29 जुलाई, 2018 से प्रभावी
5. जयपुर/उदयपुर/जयपुर साप्ताहिक 3 उड़ानें– 1 अगस्त, 2018 से प्रभावी
6. चेन्नै/त्रिची/चेन्नै दैनिक – 1 अगस्त, 2018 से प्रभावी (2 उड़ान)
7. हैदराबाद/शिरड़ी/हैदराबाद दैनिक प्रातःकालीन उड़ानें– 14 अगस्त, 2018 से प्रभावी (2 उड़ान)
8. हैदराबाद/तिरूपति/हैदराबाद – दैनिक प्रातःकालीन उड़ानें– 14 अगस्त, 2018 से प्रभावी

9. चेन्नै/त्रिची/चेन्नै – साप्ताहिक 6 उड़ानें– 23 सितम्बर, 2018 से प्रभावी (3 उड़ान)
10. चेन्नै/मदुरै/चेन्नै दैनिक– 27 सितम्बर, 2018 से प्रभावी (2 उड़ान)
11. हैदराबाद/कोल्हापुर/हैदराबाद दैनिक– 09 दिसम्बर, 2018 से प्रभावी (आरसीएस मार्ग)
12. बैंगलूरू/कोल्हापुर/बैंगलूरू दैनिक– 09 दिसम्बर, 2018 से प्रभावी (आरसीएस मार्ग)
13. कोलकाता/रांची/कोलकाता दैनिक – 07 दिसम्बर, 2018 से प्रभावी
14. कोलकाता/भुवनेश्वर/कोलकाता दैनिक – 07 दिसम्बर, 2018 से प्रभावी
15. कोलकाता/रायपुर/कोलकाता दैनिक – 08 दिसम्बर, 2018 से प्रभावी
16. रांची/भुवनेश्वर/रांची दैनिक – 08 दिसम्बर, 2018 से प्रभावी
17. रांची/रायपुर/रांची दैनिक – 08 दिसम्बर, 2018 से प्रभावी
18. हैदराबाद/नासिक/हैदराबाद दैनिक– 01 फरवरी, 2019 से प्रभावी (आरसीएस मार्ग)
19. नासिक /अहमदाबाद/नासिक दैनिक– 01 फरवरी, 2019 से प्रभावी (आरसीएस मार्ग)

,Vhvkj&42 foeku

1. दिल्ली/पठानकोट/दिल्ली – साप्ताहिक 03 उड़ानें– 05 अप्रैल 2018 से प्रभावी (आरसीएस मार्ग)
2. कोलकाता/गुवाहाटी/पासीघाट एवं वापसी साप्ताहिक 3 उड़ानें 21 मई 2018 से प्रभावी
3. कोलकाता/गुवाहाटी/लीलाबाड़ी/तेज़पुर/गुवाहाटी/कोलकाता– साप्ताहिक 4 उड़ानें 21 मई 2018 से प्रभावी
4. पंतनगर/देहरादून/पंतनगर– साप्ताहिक 4 उड़ानें 04 जनवरी 2019 से प्रभावी (आरसीएस मार्ग)

mŸkj&iwoZ iwpkyu

एलाइंस एअर उत्तर पूर्वी क्षेत्र में एटीआर 42 प्रकार के विमानों के साथ उत्तर पूर्वी परिषद के साथ एक समझौता ज्ञापन के तहत उड़ानों का प्रचालन कर रही है। मार्ग समयावली उत्तर पूर्वी परिषद के परामर्श से तय की गयी है और विमान पूरी तरह से तैनात हैं। निम्नलिखित उड़ानों का प्रचालन किया जा रहा है:

1. कोलकाता/गुवाहाटी/लीलाबाड़ी/गुवाहाटी/कोलकाता – साप्ताहिक 4 उड़ानें
2. कोलकाता/गुवाहाटी/तेज़पुर/गुवाहाटी/कोलकाता – साप्ताहिक 3 उड़ानें
3. कोलकाता/शिलॉग/कोलकाता – साप्ताहिक 7 उड़ानें

23 मई 2018 से अरुणाचल प्रदेश में पासीघाट के लिए उड़ान प्रचालन शुरू करने वाली एलाइंस एअर देश की पहली वाणिज्यिक एयरलाइन है। 21 मई 2018 से प्रचालन समयावली को संशोधित किया गया था जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

1. कोलकाता/शिलॉग/कोलकाता – दैनिक
2. कोलकाता/गुवाहाटी/तेज़पुर/लीलाबाड़ी/गुवाहाटी/कोलकाता– साप्ताहिक 4 उड़ानें
3. कोलकाता/गुवाहाटी/पासीघाट एव वापसी – साप्ताहिक 3 उड़ानें

28 अक्टूबर 2018 से प्रभावी मार्ग समयावली में निम्नलिखित विवरण के अनुसार संशोधन किया गया है:

1. कोलकाता/शिलॉग/कोलकाता – दैनिक
2. कोलकाता/गुवाहाटी/तेज़पुर/गुवाहाटी/कोलकाता– साप्ताहिक 3 उड़ानें

3. कोलकाता/गुवाहाटी/पासीघाट/लीलाबाड़ी/गुवाहाटी/कोलकाता – साप्ताहिक 4 उड़ानें

28 अक्टूबर 2018 से उत्तर पूर्व में प्रचालित की जाने वाली उपरोक्त सभी उड़ानों का प्रचालन 8 फरवरी 2019 से एटीआर 72 विमान से किया जा रहा है।

ohth,Q lgk;rk ls mMku ipkyu

- लक्षदीप प्रशासन के सहयोग से कोच्चि/अगाती/कोच्चि मार्ग पर वीजीएफ सहायता से दैनिक उड़ानें एटीआर 72 विमान से प्रचालित की जा रही हैं।
- मुम्बई/दीव/मुम्बई–एटीआर 72 विमान से 25 अक्तूबर, 2015 से साप्ताहिक 4 उड़ानें प्रचालित की जा रही हैं। दीव प्रशासन से वीजीएफ सहायता से उड़ान प्रचालन किया जा रहा है।

{k=h; lEidl ;ktuk ¼vkjlh,l½

क्षेत्रीय सम्पर्क योजना– उड़ान के प्रथम राउंड के तहत भारत सरकार द्वारा एलाइंस एअर को 17 रूट दिए गए थे। इस योजना के तहत 27 अप्रैल, 2017 से एलाइंस एअर शिमला/दिल्ली सेक्टर पर उड़ान प्रारंभ करने वाली पहली एयरलाइन थी जिसे भारत के माननीय प्रधानमंत्री जी ने फ्लैग ऑफ किया था। इस योजना के तहत आरंभ की गई उड़ानें निम्नानुसार हैं :–

vkjlh,l jkmM 1 ea ipkyukRed :V

Ø-l-	:V	vkjEHk dh frfFk
1	दिल्ली/शिमला/दिल्ली	27 अप्रैल, 2017
2	दिल्ली/भटिंडा/दिल्ली	27 अप्रैल, 2017
3	ग्वालियर/दिल्ली	31 मई, 2017
4	ग्वालियर/इंदौर/ग्वालियर	31 मई, 2017
5	दिल्ली/लुधियाना/दिल्ली	02 सितम्बर, 2017
6	दिल्ली/बीकानेर/दिल्ली	26 सितम्बर, 2017
7	जयपुर/आगरा/जयपुर	08 दिसम्बर, 2017
8	दिल्ली/पठानकोट/दिल्ली	05 अप्रैल, 2018
9	पंतनगर/देहरादून/पंतनगर	04 जनवरी 2019

एलाइंस एअर द्वारा आरसीएस राउंड 1 में प्रदान की गई सभी उड़ानों को आरंभ किया जा चुका है।

vkjlh,l jkmM 2 ea ipkyukRed :V

क्षेत्रीय सम्पर्क योजना (आरसीएस)–उड़ान 2 के दूसरे दौर में एलाइंस एअर को 26 रूट प्रदान किए गए थे जिसमें 12 रूटों में प्रचालन आरंभ किया जा चुका है :

Ø-l-	:V	vkjHk dh frFk
1	जम्मू/भटिंडा/जम्मू	27 फरवरी, 2018
2	बीकानेर/जयपुर/बीकानेर	27 मार्च, 2018
3	हैदराबाद/कोल्हापुर/बेंगलुरू/कोल्हापुर/हैदराबाद	09 दिसम्बर, 2018
4	हैदराबाद/नासिक/अहमदाबाद/नासिक/हैदराबाद	01 फरवरी, 2019

क्षेत्रीय सम्पर्क योजना–उड़ान 2 के तहत एलाइंस एअर द्वारा निम्नलिखित सेक्टरों में उड़ानें आंरभ की जाएंगी:

Ø-l-	:V
1	हैदराबाद/हुबली/हैदराबाद/शोलापुर/हैदराबाद
2	अहमदाबाद/काण्डला/अहमदाबाद
3	कोलकाता/दुम्का/रांची/दुम्का/कोलकाता/बोकारो/पटना/बोकारो/कोलकाता

क्षेत्रीय सम्पर्क योजना–उड़ान 3 के तीसरे दौर में एलाइंस एअर को 40 रूट प्रदान किए गए थे। रूटों की सूची निम्नलिखित है:

Ø-l-	:V
1	दिल्ली/कोटा/दिल्ली
2	मुम्बई/केशोड/मुम्बई/अमरावती/मुम्बई
3	बेलगावी/पुणे/बेलगावी
4	गुवाहाटी/दीमापुर/इम्फाल/दीमापुर/गुवाहाटी
5	बेंगलूरू/कालाबुर्गी (गुलबर्गा)/बेंगलूरू/मैसूर/गोवा/मैसूर/कोचीन/मैसूर/बेंगलुरू
6	भुवनेश्वर/कलाईकुण्डा/विशाखापत्तनम/कलाईकुण्डा/भुवनेश्वर/वाराणसी/भुवनेश्वर
7	हैदराबाद/जगदलपुर/रायपुर/जगदलपुर/हैदराबाद/मैसूर/हैदराबाद
8	कोलकाता/झारसुगुड़ा/भुवनेश्वर/राउरकेला/भुवनेश्वर/झारसुगुड़ा/रायपुर/झारसुगुड़ा/कोलकाता

क्षेत्रीय सम्पर्क योजना–उड़ान 3.1 के तीसरे दौर में एलाइंस एअर को 12 रूट प्रदान किए गए थे। रूटों की सूची निम्नलिखित हैं:

Ø-l-	:V
1	कोलकाता/हजारीबाग/कोलकाता
2	चण्डीगढ़/धर्मशाला/ चण्डीगढ़
3	लखनऊ/गोरखपुर/लखनऊ
4	नासिक/पुणे/नासिक
5	मुम्बई/सिंधुदुर्ग/मुम्बई
6	मुम्बई/रत्नागिरी/मुम्बई

क्षेत्रीय सम्पर्क योजना–उड़ान 3.0 और 3.1 के अन्तर्गत प्रदान किए गए रूटों पर एलाइंस एअर शीघ्र ही प्रचालन आरंभ करेगी।

2018@2019 d nkjku fdjk,

हमारे उपलब्ध संसाधनों, प्रचालन की लागत, यूएसपी और एकाधिकार मार्गों के पुनर्मूल्यांकन के पश्चात् एलाइंस एअर ने अत्यधिक प्रतिस्पर्धा के बावजूद वर्ष में अपनी यील्ड में 6% की वृद्धि की है।

fer0;;h mik;k dk viukuk

RADIXX PSS को प्रस्तावित कटओवर के मद्देनजर लगभग 24 करोड़ रु. की जीडीएस लागत की वार्षिक बचत अपेक्षित है।

o"k 2019&20 d fy, ikbiykbu e u, m|e

- एअर इंडिया जीडीएस प्रणाली से कटओवर करने का प्रस्ताव और अपने RADIXX PSS सिस्टम में स्थानांतरित करना।
- 01 फरवरी 2019 से सीयूटीई और बीआरएस प्रभार लगाना प्रारंभ किया। इन शुल्कों से अपेक्षित आय प्रतिवर्ष लगभग 11 करोड़ रु. है जो इन शुल्कों पर मौजूदा खर्च को पूरा करेगी।
- RADIXX PSS सिस्टम लागू होने के बाद बेहतर विनियोजन के लिए ऑनलाइन और प्रमुख ऑफ़लाइन ट्रैवल एजेंटों को उत्पादकता लिंक्ड बोनस ऑफर करने का प्रस्ताव।
- अग्रिम सीट आरक्षण, अतिरिक्त बैगेज की बिक्री के माध्यम से सहायक राजस्व उत्पादन बढ़ाने का प्रस्ताव।
- विमान/संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर चार्टर व्यवसाय पर नवीनीकृत फोकस।

bt hfu;fjx igy

o"k 2018&19 d nkjku ie[k miyfC/k;k bl idkj jgh %

viukÃ xÃ fdQk;rh mik; vkj miyfCèk;k%

foeku odl'kki lfo/kkvk dk foLrkj %

- दो पुराने पीडब्ल्यू121 इंजनों के साथ एक नए पीडब्ल्यू127एम इंजन का विनियम यूएसडी 1.95 मिलियन की अतिरिक्त लागत के साथ जिससे दो पुराने इंजनों के लिए यूएसडी 1,162,831 का अधिकतम मूल्य प्राप्त हुआ।
- एएएसएल ने जीएमएसए मूल्य और शर्तों संबंधी बातचीत पूरी कर ली है। इस संशोधन के निष्पादन पर, वर्ष के लिए 1,769,693 यूएसडी की अनुमानित बचत होगी।
- दिल्ली में केंद्रीकृत एमएमडी प्रभाग स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे खरीद पर प्रभावी नियंत्रण, प्रावधान और आगे विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए घटकों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

foeku rFkk iqtsZ o vU; vf/k'ks"k@vizpfyr ifjlEifRr;ka] ;fn dksbZ gks] dk fuiVku@okilh

- सभी एटीआर 42–320 विमान लीज़कर्ता को रि–डिलीवर कर दिए गए हैं तथापि, एएएसएल के अनुरोध पर प्रचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लेसर, 1 यूएसडी लीज किराए की मामूली दर पर एक एटीआर 42–320 विमानों के लीज़ का विस्तार 31 मार्च 2019 तक करने पर सहमत हुए हैं।
- एटीआर 42–320 वीटी–एबीओ विमान का हुल, एएएसएल के स्वामित्व वाली परिसंपत्ति, एमएमडी कोलकाता के माध्यम से 3,75,101 रुपये की नीलामी की जा चुकी है।
- एटीआर 42–320 विमान वीटी–एबीओ (क्रम संख्याः इएसएन 121261 और इएसएन 121163) के 2 इंजन फ्लोट में रखने के लिए एक पीडब्ल्यू 127एम इंजन के साथ बदले जा रहे हैं।

एटीआर 42–320 विमान वीटी–एबीबी का हुल, एएएसएल के स्वामित्व वाली परिसंपत्ति है जिसे 31 मार्च 2020 के बाद एमएमडी कोलकाता के माध्यम से नीलाम किया जाएगा जैसा कि वीटी–एबीओ विमान के मामले में किया गया था।

एटीआर 42–320 विमान वीटी–एबीए और वीटी–एबीबी (सीरियल नंबरः एसी0111, एसी0106, 121355, एसी0096) के 4 इंजन सितंबर 2020 तक लेसर को वापस कर दिए जाएंगे और लीज़कर्ता ने 20,000 डॉलर तक की परिवहन लागत को अवशोषित करने पर सहमति व्यक्त की है।

foeku mi;ksfxrk] btsfu;jks dh miyC/krk] u, ekxksZ @ lsokvksa] lfoZflax vkfn ds mi;ksx vkfn ds lanHkZ esa 2019&20 dh ;kstuk vkSj cM+s ds foLrkj dh ;kstukA

दो नए एटीआर 42–600 विमानों के लिए निविदा जारी की गई थी और वित्तीय मूल्यांकन की प्रक्रिया जारी है। इन विमानों को 2019 के अंत तक शामिल किए जाने की उम्मीद है।

2018&19 ds nkSjku vU; ,;jykbZal@laxBu dks çnku dh tkus okyh btsfu;fjax lsokvksa dk fooj.k vkSj 2018&19 ds nkSjku btsfu;fjax izf'k{k.k dk;ZØe%&

एआईईएसएल और एएएसएल के बीच 29 जुलाई, 2013 के हस्ताक्षरित एमओयू के अनुसार, सभी एएमई को एएएसएल से हटा कर एआईईएसएल में स्थानांतरित कर दिया गया है। इसके बाद से 1 जनवरी 2015 से एएएसएल की सभी इंजीनियरिंग/रखरखाव/विमान संबंधित गतिविधियां एआईईएसएल द्वारा की जा रही हैं इसलिए, एएएसएल द्वारा अन्य किसी भी एयरलाइंस/संगठन को इंजीनियरिंग सेवाएं प्रदान नहीं की जा रही हैं। इसके अलावा विमान संबंधित सभी इंजीनियरिंग प्रशिक्षण एआईईएसएल द्वारा दिया जा रहा है।

2017&18 ds chp ¼d½ miLdj o iqtsZ ¼[k½ buosUVªh fu;=.k ¼x½ iqthxr enksa ds lac/k esa vk;kr dk lh vkbZ ,Q eY; ¼ubZ [kjhn o ejEer ugha dh xbZ en½

एअर इंडिया लिमिटेड, एमएमडी द्वारा रैमको प्रणाली से वर्तमान में नई खरीद, यदि कोई हो, नियंत्रित की जा रही है और एएएसएल द्वारा पूर्जों/उपस्करों का केवल विनिमय नियंत्रित किया जा रहा है।

mM+ku lqj{kk

कम्पनी का अपना स्वतंत्र उड़ान सुरक्षा विभाग है जो डीजीसीए की आवश्यकताओं के अनुसार प्रोएक्टिव तरीके से काम करता है। उड़ान सुरक्षा विभाग, एयरलाइन के लिए प्रोएक्टिव कार्य करता है। उड़ान सुरक्षा विभाग प्रोएक्टिव कार्यों के

तहत FOQA (उड़ान प्रचालन गुणवत्ता आश्वासन) जिसमें नियमित रूप से उड़ान डाटा की निरंतर मॉनिटरिंग आदि जैसे एसएसएफडीआर व सीवीआर तथा बेस स्टेशनों की आंतरिक सुरक्षा लेखा परीक्षा तथा एयरलाइन द्वारा प्रचालित लाइन स्टेशनों की सुरक्षा जांच जिसमें एयरफील्ड निरीक्षण, स्पॉट चैक, रैम्प जांच तथा कॉकपिट/केबिन निगरानी शामिल है, की जाती है।

वित्तीय वर्ष 2018–19 में रिपोर्ट की गई सभी 46 घटनाओं की डीजीसीए प्रतिनिधियों सहित कम्पनी के स्थायी जॉच बोर्ड (पीआईबी) द्वारा 42 घटनाओं की जांच की गई तथा पीआईबी के पास जांच हेतु 4 मामले लंबित हैं।

एलाइंस एअर की समीक्षाधीन वित्त वर्ष 2018–19 के दौरान शिरडी और दीव में एटीआर 72–600 विमानों पर 2 (दो) गंभीर घटना घटित हुई। इन मामलों की जांच एएआईबी द्वारा की गई थी।

वित्तीय वर्ष 2018–19 में 19 बर्ड हिट की घटनाएं हुई, दिल्ली और धर्मशाला में 3 विमानों को नुकसान पहुंचा। संबंधित एयरोड्रोम को इन घटनाओं के बारे में सुधारात्मक उपायों के लिए सूचित किया गया है।

विमान की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए उड़ान सुरक्षा विभाग द्वारा निम्नलिखित उपाय किए गए :

- नए एटीआर 72–600 विमान बेड़े हेतु नए FOQA & 3D सॉफ्टवेयर लिए जाने की टैंडर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है व प्रक्रिया में है।
- नियामक मानकों के अनुसार इंसीडेंट के रूप में वर्गीकृत उड़ान घटना की जांच पड़ताल डीजीसीए के वायु सुरक्षा निदेशालय के सहयोग से एयरलाइन के जांच बोर्ड (Investigation Board) द्वारा की जाती है।
- जांच बोर्ड की सिफारिशों को संबंधित विभागों को अनुपालन हेतु भेजा जाता है।
- एयरलाइन में सुरक्षा निष्पादन के अनुपालन हेतु मूल्यांकनों के लिए आंतरिक सुरक्षा ऑडिट वार्षिक आधार पर किया जाता है और संबंधित विभागों को कार्रवाई हेतु इसकी रिपोर्ट भेजी जाती है।
- सीएआर के अनुसार एटीआर 72–600, एटीआर 42–320 विमान बेड़े की लोड और ट्रिम शीट की मॉनीटरिंग मासिक आधार पर की जा रही है।
- बेस स्टेशनों/लाइन स्टेशनों की रैम्प जांच/स्पॉट जांच यादृच्छिक रूप से की जाती है।
- लाइन स्टेशनों की सुरक्षा जांच अनुमोदित योजना के अनुसार की जाती है।
- FOQA कार्यक्रम के अनुसार केबिन क्रू को सचेत/एडवाइज्ड किया जाता है।
- प्रत्येक विभाग के कार्मिक को एसएमएस/जोखिम विश्लेषण प्रशिक्षण दिया गया है।

if'k{k.k

वर्ष के दौरान एलाइंस एअर द्वारा एटीआर के 2 पायलटों को कमांडर के रूप में अपग्रेड किया गया व वर्ष 2018–19 के दौरान 4 एटीआर पायलट पीआईसी अपग्रेड प्रशिक्षणाधीन रहेगें।

xkbx dlu

एअर इंडिया लिमिटेड द्वारा अपने परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन में सुधार के लिए अपनी समूह कंपनियों के लिए लागू टर्न

एराउंड प्लान (टीएपी) तैयार किया गया है। भारत सरकार द्वारा एअर इंडिया लिमिटेड और इसकी सहायक कंपनियों के टर्न अराउंड हेतु फरवरी 2012 में टर्न एराउंड प्लान (टीएपी) को मंजूरी दे दी थी।

टीएपी के अनुपालन में, 2018–19 में 04 नए एटीआर–72–600 विमानों को शामिल करने के साथ अधिष्ठापन जारी रहा। वर्ष के अंत में बेड़े में 20 विमान (02 एटीआर–42–320 और 18 एटीआर–72–600) शामिल थे। एएएसएल 15 विमानों को शामिल करने पर विचार कर रहा है, जिनमें से 02 एटीआर–42–320 के प्रतिस्थापन के लिए हैं। दो विमान एटीआर–72–600 के हैं और एएएसएल बोर्ड द्वारा अनुमोदित कर दिए गए हैं। कोरोलरी के रूप में, वित्त वर्ष 2020–21 में पहले चरण में कम से कम 06 विमान शामिल करने हेतु आवश्यक अनुमोदन और प्रक्रियाएं की जा रही हैं। एएएसएल को आबंटित आरसीएस मार्ग प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए अधिष्ठापन की आवश्यकता होती है।

